प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- देशभर में पोषण पखवाड़ा का आठवां संस्करण शुरू–केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा ने पोषण को जन आंदोलन बनाने का किया आह्वान।
- केंद्र सरकार ने हिमाचल के एक सौ 99 पीएमश्री स्कूलों के लिए एक सौ 28 करोड़ रूपए किए मंजूर–इन स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं को मिलेगी गति।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा–खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है राज्य सरकार।
- चंडीगढ़ में 13 अप्रैल को आयोजित होने वाले बजट क्वेस्ट कार्यक्रम में हिमाचल के 2 सौ 62 प्रतिभागी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करेंगे वर्चुअल संवाद।
- पिछले 24 घंटों के दौरान ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी व अन्य क्षेत्रों में बारिश से तापमान में गिरावट–ओलावृष्टि से गेहूं सहित अन्य फसलों को नुकसान।

पोषण पखवाड़ा

देशभर में पोषण पखवाड़ा का 8वां संस्करण 9कल शुरू हुआ जो 23 अप्रैल तक चलेगा। नई दिल्ली में पोषण पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पोषण पखवाड़ा का मकसद पोषण को जन आंदोलन बनाना है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता इस काम में अहम भूमिका निभा रही हैं और घर–घर तक पहुंचकर बच्चों और माताओं की देखभाल कर रही हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार पोषण परिणामों को राष्ट्रव्यापी स्तर पर मजबूत करने के लिए राज्यों से सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करेगी और उन्हें व्यापक स्तर पर लागू करेगी।

पखवाड़े के दौरान देशभर में आंगनवाड़ी केंद्रों के जरिए जागरूकता कार्यक्रम, पोषण से जुड़ी गतिविधियां और बच्चों के लिए खेल आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पीएमश्री योजना

केंद्र सरकार ने पीएमश्री स्कूल योजना के तहत हिमाचल के एक सौ 99 पीएमश्री स्कूलों के लिए एक सौ 28 करोड़ रूपए मंजूर किए हैं। दिल्ली में प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की वार्षिक बैठक में ये स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में हिमाचल की तरफ से शिक्षा विभाग के सचिव राकेश कंवर ने हिस्सा लिया। केंद्र से मंजूर हुई धनराशि से प्रदेश के पीएमश्री स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के अलावा नवाचार व आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को बेहतर बनाया जाएगा।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। वे किन्नौर जिला के पंद्रह–बीस क्षेत्र की छोटा कम्बा पंचायत के देवखंग मिनी स्टेडियम में युवक मंडल द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि देवखंग और अत्यंत दुर्गम पंचायत रूपी में खेल मैदान स्थापित किए जाएंगे ताकि क्षेत्र के युवाओं में खेलों के प्रति रूझान बढ़े। उन्होंने युवाओं को नशे की प्रवृति से दूर रहकर खेलकूद की तरफ ध्यान देने का आह्वान किया।

इस बीच जगत सिंह नेगी आज पूह उपमंडल के मूरंग झूला के पास सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

कूड़ा संयंत्र

ऐतिहासिक चम्बा नगर की सुंदरता को बरकरार रखने के लिए नगर से निकलने वाले कूड़े का सही निष्पादन आवश्यक है। लम्बे समय से नगर में कूड़ा संयन्त्र स्थापित करना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर बना हुआ है। चम्बा में लगने वाले कूड़ा संयंत्र के लिए जगह की चयन प्रक्रिया जहां नगर परिषद द्वारा युद्ध स्तर पर शुरू की गई है तो वहीं भगोत में प्रस्तावित कूड़ा संयन्त्र को लेकर नगर वासियों ने इसका विरोध जताया। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाद्दाता––––

डिस्पैच –

चम्बा नगर से निकलने वाले कूड़े कचरे के निष्पादन के लिए कुछ वर्ष पूर्व कुरांह में स्थापित कूड़ा संयंत्र आग की भेंट चढ़ गया जिसके बाद से ये समस्या पेश आई है। कई बार रात के अंधेरे में लोग सारा कूड़ा व कचरा रावी नदी में फेंक देते हैं जिससे जीवन दायिनी रावी नदी भी प्रदूषित हो रही है। अगर ये कूड़ा संयंत्र जल्द स्थापित नहीं होता तो आने वाले समय में इसके घातक परिणाम सभी को भुगतने पड़ेंगे।

अवकाश

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर 14 अप्रैल को देश के सभी केंद्रीय सरकार कार्यालयों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में अवकाश रहेगा। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय ने कल इस संबंध में आदेश जारी किया है।

संवाद

युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के तहत मेरा युवा भारत द्वारा 12 व 13 अप्रैल को चंडीगढ़ में बजट क्वेस्ट 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश चंडीगढ़ व पंजाब के 7 सौ 14 चयनित युवा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश से 2 सौ 62 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे जिनमें कांगड़ा जिला के 58 और कुल्लू जिले से 15 युवा शामिल हैं। 13 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिभागियों से वर्चुअल संवाद कर बहुमूल्य सुझाव देंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को देश के बजट की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना, उनकी समझ को बढ़ाना और उन्हें नीति निर्माण से जोड़ना है। इस दौरान प्रतिभागियों को बजट से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा, प्रश्नोत्तरी और इंटरेक्टिव सत्रों के माध्यम से विचार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा।

विश्व होम्योपैथी दिवस

आज विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. हैनिमैन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। विश्व होम्योपैथी दिवस 2026 का विषय है—सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी है। आयुष विभाग द्वारा प्रदेश के कई स्थानों पर निशुल्क जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। लाहौल—स्पिति के बीलिंग गांव में आज निःशुल्क होम्योपैथी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विशेषज्ञ होम्योपैथिक चिकित्सक लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श व दवाईयां वितरित करेंगे।

मौसम

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जबकि अन्य क्षेत्रों में बारिश होने से तापमान में कमी आई है। मौसम के बदले मिजाज के चलते अप्रैल माह में किन्नौर, लाहौल स्पीति और चंबा के कई इलाकों में रात का तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। हालांकि आज कई इलाकों में धूप निकलने से ठंड से कुछ राहत मिली है। बर्फबारी के चलते अटल टनल रोहतांग के लिए वाहनों की आवाजाही बंद है और केवल फोर बाई फोर वाहन ही भेजे जा रहे हैं। प्रदेश के कई इलाकों में हुई ओलावृष्टि से गेहूं सहित अन्य फसलों को नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने आज लाहौल स्पीति व किन्नौर में हल्की बारिश की संभावना जताई है जबकि अन्य इलाकों में मौसम साफ बना रहेगा।

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है सरकारी सीबीएसई स्कूलों में भरे जाएंगे शिक्षकों के 808 पद, 17 अप्रैल से आवेदन।

दैनिक भास्कर की एक खबर है हिमकेयर योजना में बड़ा बदलाव—पैकेज भुगतान अब और पारदर्शी, सरकारी अस्पतालों को मिलेगा अलग बजट। पंजाब केसरी का शीर्षक है पंजीकरण, बैड चार्ज, नर्सिंग व बोर्डिंग शुल्क व्यय, सर्जन, चिकित्सक परामर्शदाता फीस व भोजन दावे बिल से बाहर।

दिव्य हिमाचल की एक सुर्खी है एमबीबीएस–पीजी सीटें बढ़ाने पर वित्तीय मदद देगा केंद्र।

हिमाचल में वन आवरण बढ़ाने की कवायद तेज शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है ग्रामीण क्षेत्रों में महिला व युवक मंडलों को किया जा रहा पंजीकृत।

दैनिक जागरण की एक खबर है पीएमश्री योजना के तहत हिमाचल को एक सौ 28 करोड़ रूपए हुए मंजूर।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- देशभर में पोषण पखवाड़ा का आठवां संस्करण शुरू–केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा ने पोषण को जन आंदोलन बनाने का किया आह्वान।
- केंद्र सरकार ने हिमाचल के एक सौ 99 पीएमश्री स्कूलों के लिए एक सौ 28 करोड़ रूपए किए मंजूर–इन स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं को मिलेगी गति।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा–खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है राज्य सरकार।
- चंडीगढ़ में 13 अप्रैल को आयोजित होने वाले बजट क्वेस्ट कार्यक्रम में हिमाचल के 2 सौ 62 प्रतिभागी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करेंगे वर्चुअल संवाद।
- पिछले 24 घंटों के दौरान ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी व अन्य क्षेत्रों में बारिश से तापमान में गिरावट–ओलावृष्टि से गेहूं सहित अन्य फसलों को नुकसान।